प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा–आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लागू करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज कोटा के सांगोद में आयोजित समारोह में सुपोषित मां अभियान का शुभारंभ करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खान विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का समावेश करते हुए अवैध खनन पर रोकथाम के निर्देश दिए।
- प्रदेश में मानसून की बारिश का दौर बरकरार–मौसम विभाग ने दो जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों और साझेदारों के साथ 'बहुपक्षवाद, आर्थिक–वित्तीय मामलों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर आयोजित संपर्क सत्र में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कृषि–जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा क्षेत्र में भारत की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने अगले वर्ष भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाले "एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन" के लिए ब्रिक्स साझेदार देशों को आमंत्रित भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शांति और सुरक्षा सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद आज मानवता के समक्ष सर्वाधिक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का प्रत्यक्ष या अप्रयत्क्ष समर्थन करने वाले देशों को इसका मूल्य चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों को एकजुट होकर आतंकवाद और इसे शह देने वालों के खिलाफ आवाज़ उठानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लागू करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। इससे पहले प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज–कैनेल बरमूडेज़ से भी मुलाकात की।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज कोटा के सांगोद में आयोजित समारोह में सुपोषित मां अभियान का शुभारंभ करेंगे। ये अभियान वंचित और 50 किलोग्राम से कम वजनी गर्भवती महिलाओं के उचित पोषण और स्वास्थ्य सुरक्षा के उद्देश्य से चलाया जायेगा। अभियान की शुरुआत 5 महिलाओं को पोषण किट देकर की जायेगी।

.....

इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत् आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। वे सम्बल पखवाड़ा शिविर के लाभार्थियों से बात करेंगे। वहीं 5 छात्राओं को स्कूटी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान 92 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा।

0000

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कल भिवाड़ी में सीईटीपी और एसटीपी प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री यादव ने दूषित जलभराव और साफ–सफाई व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवयश्क दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भिवाड़ी देश के नक्शे पर एक उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र है, और दिल्ली के पास होने के कारण यह सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया बनकर उभर रहा है। उन्होंने भिवाड़ी के लोगों से इसे स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान श्री यादव ने ग्वालदा गांव में प्रस्तावित ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि का निरीक्षण किया और कहरानी गांव में प्रस्तावित चिड़ियाघर के लिए आवंटित भूमि का भी अवलोकन किया।

00000

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कल किशनगढ में पुराने बस स्टैंड की जगह बने नये केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य जनता को सुविधाओं के साथ सुगमता से यात्रा कराना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रीक बसें चलायेगी।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में अवैध खनन की प्रभावी रोकथाम के लिए अधिकारियों से सख्ती से नियमों का पालन करने को कहा है। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्व वृद्धि के लक्ष्यों की प्राप्ति में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर खान विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का समावेश करते हुए विभाग अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और यहां खनन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने खान विभाग को नये खनन क्षेत्रों की खोज में तेजी लाने तथा नीलामी प्रक्रिया को और गति देने के लिए निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि नीलाम किए गए ब्लॉक्स में खनन कार्य जल्द शुरू किया जाए।

00000

प्रदेश में मानसून की बारिश का दौर जारी है। आज सुबह से राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में बारिश हो रही है। शहर की सड़कों पर जगह–जगह जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के दो जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 22 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में बीकानेर संभाग और सिरोही के माउंट आबू सहित कुछ हिस्सों में रुक–रुक कर बारिश होती रही। देर रात श्रीगंगानगर जिले के श्रीविजयनगर में तेज बारिश के चलते दो मकानों की छतें ढह गईं। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उधर बूंदी जिले के नमाना क्षेत्र में श्यामू पुलिया पर दो फीट पानी भर गया। तेज बहाव में एक कार घोड़ा पछाड़ नदी में जा गिरी। कार सवार लोग सुरक्षित है। भरतपुर में आज सुबह झमाझम बरसात हुई। इससे कई स्थानों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रशासन द्वारा पम्पसेट लगाकर पानी निकासी का काम किया जा रहा है।

.....

डीग में भी तडके से ही कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर जारी है। वहीं सवाईमधोपुर में अधिकांश बांधों में पानी की आवक लगातार बढ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार कल और परसों जयपुर, भरतपुर और कोटा संभागों में तेज बारिश की संभावना है। 12 जुलाई तक पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

0000

जैसलमेर के पक्षी और वन्यजीव बाहुल्य लाठी क्षेत्र के देगराय ओरण में इंडियन कोर्सर पक्षी अपने बच्चों के साथ दिखाई देने लगे है। दक्षिण और पूर्व दिशा से उड़कर आने वाले इंडियन कोर्सर पक्षियों के दिखाई देने से वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

.....

000